**जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को न कहा जाय तब तक न खोलें ।**

# प्रश्न पुस्तिका

Question Booklet Bar Code Serial No.
प्रश्न–पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या

**विषय कोड : 43**

**विषय : अर्थशास्त्र**

**अनुक्रमांक (अंकों में) :**

**अनुक्रमांक (शब्दों में) :** ____________________

| अभ्यर्थी के हस्ताक्षर | | कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर | |
|---|---|---|---|

**समय : 2 घण्टे** **पूर्णांक : 200**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न–पुस्तिका में दो भाग हैं । जिसके प्रथम भाग में सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित कुल 30 प्रश्न हैं ।
2. इस प्रश्न–पुस्तिका के द्वितीय भाग में वैकल्पिक विषय से सम्बन्धित कुल 70 प्रश्न हैं ।
3. इस प्रश्न–पुस्तिका में 100 प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए चार विकल्प दिए गए हैं । इनमें से एक विकल्प को चुन लें, जिसे आप उत्तर पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगें कि एक से अधिक विकल्प सही हैं, तो उस विकल्प को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगें । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए केवल एक ही विकल्प चुनना है ।
4. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस प्रश्न–पुस्तिका की जाँच अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, कटा या छूटा हुआ पृष्ट अथवा प्रश्नांश आदि न हो ।**
5. अभ्यर्थी कक्ष निरीक्षक द्वारा निर्देश देने के उपरान्त ही प्रश्न–पुस्तिका की सील खोलें ।
6. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर उत्तर देने से पहले प्रश्न–पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।
7. उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, विषय, प्रश्न–पत्र का सही कोड, उत्तरित प्रश्नों की संख्या तथा अनुत्तरित प्रश्नों की संख्या स्वच्छतापूर्वक लिखें अन्यथा उत्तर पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
8. अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर काले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा गहरा कर दें । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में उत्तर को गलत माना जायेगा एवं उसे जाँचा नहीं जायेगा ।
9. उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) में एक बार गोला भरे जाने के बाद उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जायेगा ।
10. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) को किसी प्रकार न मोड़ें ।
11. आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर ही देने हैं । परीक्षा के उपरांत उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) कक्ष निरीक्षक को लौटा दें ।
12. यदि हिन्दी या अंग्रेजी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अन्तिम माना जाएगा ।
13. यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित साधन का प्रयोग करता है या उसका प्रयास करता है अथवा परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का व्यवधान करता है, तो वह परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा ।
14. कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जायेगा जब तक 120 मिनट (दो घण्टे) पूरे न हो गये हो ।
15. कोई भी रफ कार्य, यदि कोई हो, इस कार्य हेतु निर्धारित खाली पन्नों पर ही किया जाना चाहिये । अतिरिक्त पन्ने नहीं दिये जायेंगे ।
16. अपना अनुक्रमांक आदि लिखने के लिए तथा उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर उत्तरों को भरने के लिए केवल काले बॉल प्वाइंट पेन का प्रयोग करें ।

**जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को न कहा जाय तब तक न खोलें ।**

***Note : The English version of the instructions is printed on the last page of this Question Booklet.***

*

# सामान्य ज्ञान
# GENERAL KNOWLEDGE

1. भुवनेश्वर तथा पुरी के मंदिर किस शैली में निर्मित हैं ?
(A) नागर (B) द्रविड़ (C) वेसर (D) उपरोक्त में से कोई नहीं
In which style are the temples of Bhubaneshwar and Puri built ?
(A) Nagara (B) Dravidian (C) Vesara (D) None of the above

2. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।
**अभिकथन (A)** : ग्लोबल इंडिया ए.आई. शिखर सम्मेलन का आयोजन हाल ही में नई दिल्ली के भारत मंडपम में हुआ ।
**कारण (R)** : सिंगापुर, डेन्मार्क और संयुक्त राज्य अमेरिका उच्चतम रेटिंग वाले ए.आई. में से है तथा भारत का प्रदर्शन अपेक्षाकृत मजबूत है ।
नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है
Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R).
**Assertion (A)** : Global India AI Summit was recently held at Bharat Mandapam in New Delhi.
**Reason (R)** : Singapore, Denmark and United States of America are among the highest rated AI and India's performance is relatively strong.
Select the correct answer from the code given below :
**Code :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)
(C) (A) is true, but (R) is false
(D) (A) is false, but (R) is true

3. 2024 में एफ.डी.ए. द्वारा अनुमोदित कौन-सी नई दवा, अल्ज़ाइमर रोग की प्रगति को धीमा करने के लिए मस्तिष्क में एमिलॉयड प्लैक को लक्षित करती है ?
(A) एडुकानुमाब (B) किसुनला (C) लेनाकापाविर (D) लेकम्बी
Which new drug, approved by the FDA in 2024, targets amyloid plaque in the brain to slow the progression of Alzheimer's disease ?
(A) Aducanumab (B) Kisunla (C) Lenacapavir (D) Leqambi

4. किस राज्य सरकार ने देशी गाय को 'राज्य माता-गोमाता' का दर्जा दिया ?
(A) उत्तर प्रदेश (B) छत्तीसगढ़ (C) महाराष्ट्र (D) मध्य प्रदेश
Which State Government gave status of 'Rajya Mata – Gomata' to indigenous cow ?
(A) Uttar Pradesh (B) Chhattisgarh (C) Maharashtra (D) Madhya Pradesh

5. एशियन बिलियर्ड्स चैंपियनशिप 2024 आयोजित की गई
(A) रियाद में (B) तेहरान में (C) मुम्बई में (D) ढाका में
Asian Billiards Championship 2024 was organised in
(A) Riyadh (B) Tehran (C) Mumbai (D) Dhaka

6. निम्नलिखित में से कौन सबसे युवा विश्व शतरंज का विजेता है ?
(A) नैन्सी त्यागी (B) मनु भाकर (C) संजय मल्होत्रा (D) गुकेश डोम्माराजू
Who among the following is Youngest World Chess Champion ?
(A) Nancy Tyagi (B) Manu Bhaker (C) Sanjay Malhotra (D) Gukesh Dommaraju

7. निम्नलिखित में से कौन-सा शोध में प्राथमिक डेटा संग्रह की विधि नहीं है ?
(A) साक्षात्कार (B) सर्वेक्षण (C) साहित्य समीक्षा (D) अवलोकन
Which of the following is not a method of primary data collection in research ?
(A) Interviews (B) Surveys (C) Literature review (D) Observations

8. शिक्षण में प्रायोजना विधि का जन्मदाता किसे माना जाता है ?
(A) जॉन डीवी (B) विलियम हर्ड किलपैट्रिक
(C) प्रो. आर्मस्ट्राँग (D) सुकरात
Who is considered to be the originator of the project method in teaching ?
(A) John Dewey (B) William Heard Kilpatrick
(C) Prof. Armstrong (D) Socrates

9. प्राथमिक आँकड़ों के एकत्रीकरण की विधियाँ हैं
a. केस अध्ययन विधि
b. डाक प्रश्नावली विधि
c. ऑनलाइन स्रोत
d. अनुसूची
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :
(A) केवल b, c, d (B) केवल a, b, d (C) केवल a, c, d (D) केवल a, b, c
Methods of collection of primary data are
a. Case study method
b. Mail questionnaire method
c. Online resources
d. Schedule
Choose the correct answer from the options given below :
(A) Only b, c, d (B) Only a, b, d (C) Only a, c, d (D) Only a, b, c

10. निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षण में प्रारूपात्मक मूल्यांकन की विशेषता नहीं है ?
(A) सीखने में सुधार के लिए सतत प्रतिक्रिया प्रदान करना
(B) पाठ्यक्रम के अंत में ग्रेड प्रदान करने के लिये आयोजित किया जाता है
(C) छात्रों को उनकी ताकत और कमजोरियों की पहचान में मदद करता है
(D) प्रशिक्षकों को सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों के बारे में सूचित करता है
Which of the following is not a characteristic of formative assessment in teaching ?
(A) Provides ongoing feedback to improve learning
(B) Conducted at the end of a course to assign grades
(C) Helps students to identify their strengths and weakness
(D) Informs instructors about areas needing improvements

11. निम्नलिखित में से कौन-सी शोध की विधि नहीं है ?
(A) दार्शनिक (B) ऐतिहासिक (C) सर्वेक्षण (D) अवलोकन
Which of the following is not a method of research ?
(A) Philosophical (B) Historical (C) Survey (D) Observation

12. निम्नलिखित में से कौन-सा अशाब्दिक सम्प्रेषण का प्रकार नहीं हैं ?
(A) वाणी संकेत (B) लिखित सम्प्रेषण
(C) चक्षु सम्पर्क (D) स्पर्शनीय सम्पर्क
Which of the following is not a type of non-verbal communication ?
(A) Voice signal (B) Written communication
(C) Eye contact (D) Tactile contact

13. निम्नलिखित में से किस संस्था ने वर्ष 2005 में ई-ज्ञानकोश की शुरुवात की ?
(A) आई.आई.टी. कानपुर
(B) इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
(C) इलाहाबाद विश्वविद्यालय
(D) दिल्ली विश्वविद्यालय

Which of the following institutions launched e-Gyankosh in the year 2005 ?
(A) IIT Kanpur
(B) Indira Gandhi National Open University
(C) Allahabad University
(D) Delhi University

14. सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग करते समय, सुरक्षा बढ़ाने के लिए अनुशंसित अभ्यास क्या है ?
(A) बिना किसी प्रतिबंध के संवेदनशील खातों तक पहुचें
(B) अपने कनेक्शन को एन्क्रिप्ट करने के लिए वी.पी.एन. का उपयोग करें
(C) सभी सुरक्षा समायोजन अक्षम करें
(D) दूसरों के साथ अपना कनेक्शन साझा करें

When using public Wi-Fi, what is a recommended practice to enhance security ?
(A) Access sensitive account without any restriction
(B) Use a VPN to encrypt your connection
(C) Disable all security settings
(D) Share your connection with others

15. नेटवर्किंग में 'वी.पी.एन.' का क्या अर्थ है ?
(A) वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क
(B) वर्चुअल पब्लिक नेटवर्क
(C) वेरिएबल प्राइवेट नेटवर्क
(D) वेरिफाइड प्राइवेट नेटवर्क

What does 'VPN' stand for in networking ?
(A) Virtual Private Network
(B) Virtual Public Network
(C) Variable Private Network
(D) Verified Private Network

16. भारत में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम कब पारित हुआ ?
(A) 1972 में (B) 1968 में (C) 1980 में (D) 1986 में

When was the Wildlife Protection Act passed in India ?
(A) 1972 (B) 1968 (C) 1980 (D) 1986

17. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस ग्रीनहाऊस प्रभाव नहीं डालती है ?
(A) कार्बन डाईऑक्साइड (B) कार्बन मोनोऑक्साइड (C) मीथेन (D) नाइट्रस ऑक्साइड

Which of the following gases does not cause greenhouse effect ?
(A) Carbon dioxide (B) Carbon monoxide (C) Methane (D) Nitrous oxide

18. वायुमंडल में ग्रीनहाऊस गैसों की बढ़ती प्रचुरता के निम्नलिखित संभावित प्रभाव हैं, के अतिरिक्त
(A) $CO_2$ फर्टिलाइज़ेशन (B) ग्लोबल वार्मिंग (C) ओज़ोन क्षरण (D) जैवविविधता में वृद्धि

The increasing abundance of greenhouse gases in the atmosphere has the following possible affects, except
(A) $CO_2$ fertilization (B) Global warming (C) Ozone depletion (D) Increase in biodiversity

19. निम्नलिखित में से कौन-सा एक भारत का कृत्रिम बन्दरगाह है ?
(A) कोचीन (B) चेन्नई (C) मुम्बई (D) काण्डला

Which one of the following is an artificial port of India ?
(A) Cochin (B) Chennai (C) Mumbai (D) Kandla

20. भारत के किस राज्य में सबसे अधिक बॉक्साइट का उत्पादन होता है ?
(A) झारखंड (B) कर्नाटक (C) ओड़िसा (D) छत्तीसगढ़

Which State of India is the largest producer of Bauxite ?
(A) Jharkhand (B) Karnataka (C) Odisha (D) Chhattisgarh

21. शीत ऋतु में तमिलनाडु में होने वाली वर्षा का प्रकार क्या है ?
(A) पर्वतीय (B) प्रति चक्रवातीय (C) संवहनीय (D) चक्रवातीय

What is the type of rainfall that occurs in Tamil Nadu during winter season ?
(A) Mountainous (B) Anti cyclonic (C) Convectional (D) Cyclonic

22. 'आत्मीय सभा' की स्थापना किसने की ?
(A) स्वामी विवेकानन्द (B) राजा राम मोहन राय
(C) स्वामी दयानन्द सरस्वती (D) राधा कान्त देव

Who founded the 'Atmiya Sabha' ?
(A) Swami Vivekananda (B) Raja Ram Mohan Roy
(C) Swami Dayananda Saraswati (D) Radha Kant Dev

23. निम्नलिखित में से किसे 1938 में सुभाष चन्द्र बोस के त्यागपत्र देने के पश्चात भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अध्यक्ष चुना गया ?
(A) वल्लभभाई पटेल (B) जवाहरलाल नेहरू (C) एनी बेसेंट (D) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

Who among the following was elected as President of the Indian National Congress after Subhash Chandra Bose resigned in 1938 ?
(A) Vallabhbhai Patel (B) Jawaharlal Nehru (C) Annie Besant (D) Dr. Rajendra Prasad

24. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I** **(प्रवर्तक)** | **सूची – II** **(आंदोलन)** |
|---|---|
| a. बाल गंगाधर तिलक | I. खिलाफत आंदोलन |
| b. शौकत अली | II. 1857 विद्रोह |
| c. महात्मा गाँधी | III. स्वदेशी आंदोलन (1905 से 1907) |
| d. बहादुर शाह | IV. असहयोग आंदोलन |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | III | IV | II | I |
| (B) | II | I | III | IV |
| (C) | III | I | IV | II |
| (D) | II | IV | III | I |

Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below the lists :

| **List – I** **(Originator)** | **List – II** **(Movement)** |
|---|---|
| a. Bal Gangadhar Tilak | I. Khilafat Movement |
| b. Shaukat Ali | II. 1857 Revolt |
| c. Mahatma Gandhi | III. Swadeshi Movement (1905 to 1907) |
| d. Bahadur Shah | IV. Non-Cooperation Movement |

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | III | IV | II | I |
| (B) | II | I | III | IV |
| (C) | III | I | IV | II |
| (D) | II | IV | III | I |

25. चुनाव आयोग के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सत्य है ?

(A) यह एक स्थायी निकाय है जिसे विघटित नहीं किया जा सकता ।

(B) इसकी नियुक्ति प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है ।

(C) इसके पास उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित करने का अधिकार है ।

(D) यह केवल चुनाव अवधि के दौरान संचालित होता है ।

Which of the following statements about the Election Commission is true ?

(A) It is a permanent body that can not be dissolved.

(B) It is appointed by the Prime Minister.

(C) It has the authority to disqualify the candidates.

(D) It only operates during election period.

26. संसदीय शासन व्यवस्था में

(A) कार्यपालिका, विधायिका के प्रति उत्तरदायी है

(B) विधायिका, कार्यपालिका के प्रति उत्तरदायी है

(C) न्यायपालिका, विधायिका के प्रति उत्तरदायी है

(D) कार्यपालिका, न्यायपालिका के प्रति उत्तरदायी है

In Parliamentary form of Government

(A) Executive is responsible to legislature

(B) Legislature is responsible to executive

(C) Judiciary is responsible to legislature

(D) Executive is responsible to judiciary

27. संसद के किस सदन के सदस्यों से प्राक्कलन समिति गठित की जाती है ?

a. लोक सभा

b. राज्य सभा

c. दोनों सदनों के सदस्यों से

d. राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत सदस्यों से

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल a (B) केवल a और b

(C) केवल d (D) केवल a, b और d

The Estimates Committee is constituted from the members of which House of Parliament ?

a. Lok Sabha

b. Rajya Sabha

c. From members of both Houses

d. From members nominated by the President

Choose the correct answer from the options given below :

(A) Only a (B) Only a and b

(C) Only d (D) Only a, b and d

28. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. एडम स्मिथ | I. द वेल्थ ऑफ नेशन्स |
| b. थॉमस माल्थस | II. द थियोरी ऑफ इकोनामिक ग्रोथ |
| c. डब्ल्यू.ए. लेविस | III. इम्पीरियलिज्म एण्ड अनइक्वल डेवलपमेंट |
| d. समीर अमीन | IV. एस्से ऑन द प्रिंसिपल्स ऑफ पॉप्युलेशन |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | II | III | IV | I |
| (B) | I | IV | II | III |
| (C) | I | III | II | IV |
| (D) | I | IV | III | II |

Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below the lists :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Adam Smith | I. The Wealth of Nations |
| b. Thomas Malthus | II. The Theory of Economic Growth |
| c. W.A. Lewis | III. Imperialism and Unequal Development |
| d. Samir Amin | IV. Essay on the Principles of Population |

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | II | III | IV | I |
| (B) | I | IV | II | III |
| (C) | I | III | II | IV |
| (D) | I | IV | III | II |

29. केन्द्रीय बजट 2025 – 26 में किस राज्य में 'मखाना बोर्ड' को गठित करने का प्रस्ताव दिया गया है ?

(A) जम्मू और कश्मीर (B) बिहार

(C) उत्तर प्रदेश (D) आन्ध्र प्रदेश

In Union Budget 2025 – 26, 'Makhana Board' is proposed to be set up in the State of

(A) Jammu and Kashmir (B) Bihar

(C) Uttar Pradesh (D) Andhra Pradesh

30. केन्द्रीय बजट 2025 – 26 में कमाई का सबसे बड़ा स्रोत कहाँ से आने का अनुमान है ?

(A) आबकारी कर (B) वस्तु एवं सेवा कर

(C) आय कर (D) कस्टम्स ड्यूटी

In Union Budget 2025 – 26, the largest source of earning is estimated to come from

(A) Excise Duty (B) Goods and Services Tax

(C) Income Tax (D) Customs Duty

# अर्थशास्त्र
# ECONOMICS

31. अमर्त्य सेन को उनके किस क्षेत्र में योगदान के लिए नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया था ?

(A) अर्थमिति
(B) विकास अर्थशास्त्र
(C) मौद्रिक अर्थशास्त्र
(D) कल्याण अर्थशास्त्र

Amartya Sen was awarded the Nobel Prize for his contribution in the field of

(A) Econometrics
(B) Developmental Economics
(C) Monetary Economics
(D) Welfare Economics

32. पूर्ण प्रतियोगिता में मजदूरी बराबर होती है

(A) सीमान्त आगम के
(B) औसत भौतिक उत्पादकता के
(C) सीमान्त उत्पादकता के मूल्य के
(D) जीविकोपार्जन स्तर के

Wages are equal in perfect competition

(A) By marginal revenue
(B) By average physical productivity
(C) By value of marginal productivity
(D) By subsistence level

33. वह बिन्दु जहाँ कुल आगम रेखा कुल लागत रेखा को प्रतिच्छेदित करती है, कहलाता है

(A) विभाजक बिन्दु
(B) मोड़ बिन्दु
(C) सम-विच्छेद बिन्दु
(D) सन्तुलन बिन्दु

The point where the total revenue line crosses the total cost line is called

(A) Split off point
(B) Point of inflection
(C) Break-even point
(D) Equilibrium point

34. माँग के नियम की मान्यताएँ क्या हैं ?

(A) आय अपरिवर्तित रहती है
(B) सम्बन्धित वस्तुओं की कीमत में बदलाव होता है
(C) ऋण सुविधाओं में परिवर्तन होता है
(D) स्वाद और अधिमानों में बदलाव होता है

What are the assumptions of Law of Demand ?

(A) Income remains unchanged
(B) Price of related goods is changed
(C) Changes in credit facilities
(D) A change in taste and preferences

35. X-axis के समान्तर क्षैतिज माँग रेखा दर्शाती है कि माँग की लोच है

(A) शून्य
(B) अनन्त
(C) इकाई के बराबर
(D) इकाई से अधिक

The horizontal demand curve parallel to X-axis implies that the elasticity of demand is

(A) Zero
(B) Infinite
(C) Equal to one
(D) Greater than one

36. कुल उत्पादन अधिकतम होता है जब

(A) सीमान्त उत्पादन अधिकतम होता है

(B) औसत उत्पादन अधिकतम होता है

(C) सीमान्त उत्पादन शून्य होता है

(D) औसत उत्पादन, सीमान्त उत्पादन के बराबर होता है

Total production is maximum when

(A) Marginal production is maximum

(B) Average production is maximum

(C) Marginal production is zero

(D) Average production is equal to marginal production

37. एक पूर्ण प्रतियोगी बाजार में एक फर्म उत्पाद के स्तर पर दीर्घकाल में क्रियाशील रहती है जब

(A) AC = MC (B) AR = MR

(C) MR = MC (D) P = AR = MR = AC = MC

In a perfectly competitive market, a firm in the long run operates at the level of output where

(A) AC = MC (B) AR = MR

(C) MR = MC (D) P = AR = MR = AC = MC

38. कीन्स का रोजगार तथा आय का सिद्धान्त किस प्रकार की बेरोज़गारी का विश्लेषण नहीं करता है ?

(A) ऐच्छिक (B) अनैच्छिक (C) प्रच्छन्न (D) संरचनात्मक

What type of unemployment has not been analysed by Keynes Employment and Income theory ?

(A) Voluntary (B) Involuntary (C) Disguised (D) Structural

39. जब सकल निवेश शून्य हो जाता है, तो राष्ट्रीय आय को शून्य होने से कौन रोकता है ?

(A) तरलता जाल (B) उपभोग (C) ब्याज दर (D) गुणक

When gross investment becomes zero, then what prevents National Income to be zero ?

(A) Liquidity trap (B) Consumption (C) Interest rate (D) Multiplier

40. औसत उपभोग प्रवृत्ति कभी भी नहीं हो सकती

(A) सकारात्मक (B) शून्य (C) एक से अधिक (D) एक से कम

Average propensity to consume can never be

(A) Positive (B) Zero (C) More than one (D) Less than one

41. निम्नलिखित सम्बन्धों में से एल. एम. वक्र के लिए कौन–सा सही है ?
(A) मुद्रा की माँग तथा मुद्रा की आपूर्ति के मध्य
(B) मुद्रा की माँग तथा ब्याज दर के मध्य
(C) आय तथा ब्याज दर के मध्य
(D) मुद्रा की आपूर्ति तथा ब्याज दर के मध्य

Which of the following relationship is correct for the LM curve ?
(A) Between demand for money and supply of money
(B) Between demand for money and the rate of interest
(C) Between income and the rate of interest
(D) Between supply of money and the rate of interest

42. फिलिप्स वक्र किनके बीच सम्बन्ध व्यक्त करता है ?
(A) रोजगार परिवर्तन दर तथा वास्तविक मजदूरी दर में परिवर्तन
(B) बेरोजगारी दर और वास्तविक मजदूरी दर में परिवर्तन
(C) बेरोजगारी दर और मौद्रिक मजदूरी दर में परिवर्तन
(D) बेरोजगारी स्तर और मौद्रिक मजदूरी

Phillips curve is a relation between
(A) Rate of change of employment and rate of change of real wages
(B) Rate of unemployment and rate of change of real wages
(C) Rate of unemployment and rate of change of money wages
(D) Level of unemployment and money wages

43. एक एकाधिकारी निर्धारित कर सकता है
(A) कीमत
(B) उत्पाद
(C) या तो कीमत या तो उत्पाद
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A monopolist can determines
(A) Price
(B) Output
(C) Either price or output
(D) None of the above

44. कीन्सीयन सिद्धान्त के अनुसार आर्थिक उच्चावचन, __________ में परिवर्तन के कारण होते हैं ।
(A) विनियोग के दर में
(B) स्वशासी विनियोग में
(C) विनिवेश में
(D) संवृद्धि की अभीष्ट दर में

As per Keynesian theory, economic fluctuations are due to change in
(A) Rate of investment
(B) Autonomous investment
(C) Disinvestment
(D) Warranted rate of growth

45. निम्नलिखित में से किस अर्थशास्त्री के अनुसार, अदृश्य बेरोजगारी, बचत एवं पूँजी निर्माण का स्रोत हो सकती है ?

(A) आर. नर्क्स (B) सी. एच. फेई (C) मार्क्स (D) हिगिन्स

According to which one of the following Economists, disguised unemployment can be a source of saving and capital formation ?

(A) R. Nurkse (B) C. H. Fei (C) Marx (D) Higgins

46. निम्नलिखित में से कौन–सा गरीबी का एक बहु आयामी माप है ?

(A) स्वास्थ्य स्तर (B) शिक्षा स्तर (C) रहन सहन स्तर (D) उपर्युक्त सभी

A multidimensional measure of poverty includes which of the following ?

(A) Health level (B) Education level (C) Standard of living (D) All of the above

47. किसी अर्थव्यवस्था में निम्नलिखित में से कौन तकनीकी उन्नयन एवं नवाचार के कारण उत्पन्न होती है ?

(A) मौसमी बेरोजगारी
(B) चक्रीय बेरोजगारी
(C) संरचनात्मक बेरोजगारी
(D) प्रच्छन्न बेरोजगारी

Which of the following arises due to technological advancement and innovation in an economy ?

(A) Seasonal unemployment
(B) Cyclical unemployment
(C) Structural unemployment
(D) Disguised unemployment

48. निम्नलिखित में से किसे शुम्पीटर द्वारा अपने विकास सिद्धान्त में केन्द्रीय स्थान दिया गया है ?

(A) पूँजी निर्माण
(B) सरकारों की भूमिका
(C) सन्तुलित संवृद्धि की आवश्यकता
(D) नवप्रवर्तन की भूमिका

Which of the following was given a central place by Schumpeter in his theory of development ?

(A) Capital formation
(B) Role of governments
(C) Need of balanced growth
(D) Role of innovation

49. गरीबी के दुश्चक्र की अवधारणा सम्बन्धित है

(A) किंडलबर्गर से
(B) शुम्पीटर से
(C) रैग्नर नर्कसे से
(D) गुन्नार मिरडल से

The concept of vicious circle of poverty is associated with

(A) Kindleberger
(B) Schumpeter
(C) Ragnar Nurkse
(D) Gunnar Myrdal

50. कीन्स द्वारा बेरोजगारी का उपाय है

(A) कुल माँग में कमी करना
(B) कर की दर में कमी या ब्याज दर में कमी करना
(C) सरकारी व्यय बढ़ाना
(D) निजी उपभोग एवं निवेश में कमी करना

The Keynesian remedy for unemployment is to

(A) Decrease aggregate demand
(B) Reduce tax rate or lower interest rate
(C) Increase government spending
(D) Decrease private consumption and investment

51. व्यापार चक्र का निम्नतम बिन्दु संबंधित होता है

(A) विस्तार से
(B) तेज़ी से
(C) चरम से
(D) गर्त से

The lowest point in the business cycle is referred to as the

(A) Expansion
(B) Boom
(C) Peak
(D) Trough

52. प्रमुख नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने एक सूचकांक विकसित किया जो __________ है ।

(A) निर्धनता अन्तराल सूचकांक
(B) सेन सूचकांक
(C) चुकता गरीबी गंभीरता सूचकांक
(D) आय असमानता अन्तर सूचकांक

Amartya Sen noted Nobel Laureate, has developed an Index known as

(A) Poverty Gap Index
(B) Sen Index
(C) Squared Poverty Gap Index
(D) Income disparity Gap Index

53. विकसित देशों में संवृद्धि का सबसे प्रमुख कारक होता है

(A) तकनीकी प्रगति
(B) हरित क्रांति
(C) पूँजी संचयन
(D) जनसंख्या नियंत्रण

Main factor in growth of developed nations is

(A) Technological advancement
(B) Green revolution
(C) Accumulation of capital
(D) Population control

54. उस मॉडल की पहचान कीजिए जो 'स्वर्ण युग संतुलन' से सम्बन्धित है

(A) काल्डोर मॉडल (प्रारूप)
(B) जॉन राबिन्सन मॉडल (प्रारूप)
(C) कीन्स मॉडल (प्रारूप)
(D) डोमर मॉडल (प्रारूप)

Identify the model, which is concerned with the 'Golden Age Equilibrium'.

(A) Kaldor model
(B) John Robinson model
(C) Keynesian model
(D) Domar model

55. निम्नलिखित में से राबिन हुड प्रभाव किससे सम्बन्धित है ?

(A) आय तथा उपभोग
(B) आय सृजन
(C) आय पुनर्वितरण
(D) समानुपातिक कर

Robbin Hood effect is related to which of the following ?

(A) Income and consumption
(B) Income generation
(C) Income redistribution
(D) Proportionate tax

56. सन्तुलित विकास के सिद्धान्त में अर्धविकसित का प्राथमिक कारण है

(A) बाजार का लघु/सीमित आकार
(B) बचतों में कमी
(C) निम्न स्तर की तकनीकी
(D) विदेशी सत्ता/प्रभाव

In the theory of balance growth, basic cause of underdevelopment is

(A) Size of market small/limited
(B) Low savings
(C) Poor level of technology
(D) Foreign dominance/Rule

57. आर्थिक संवृद्धि की मापा जा सकता है

(A) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के द्वारा
(B) थोक मूल्य सूचकांक के द्वारा
(C) सकल घरेलू उत्पाद के द्वारा
(D) सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति के द्वारा

Economic growth can be measured by

(A) The C.P.I.
(B) The W.P.I.
(C) G.D.P.
(D) M.P.C.

58. निम्नलिखित में से किस मॉडल (प्रारूप) की मान्यता स्थिर बचत-आय अनुपात है ?

(A) काल्डोर मॉडल (प्रारूप)
(B) लियोनटीफ मॉडल (प्रारूप)
(C) हैरोड-डोमर मॉडल (प्रारूप)
(D) जॉन राबिन्सन मॉडल (प्रारूप)

Which of the following models makes the assumption of constant saving income ratio ?

(A) Kaldor model
(B) Leonteif model
(C) Harrod-Domar model
(D) John Robinson model

59. निम्नलिखित में से कौन-सी बैंक आम नागरिकों के लिए है ?

(A) वाणिज्यिक बैंक
(B) केन्द्रीय बैंक
(C) (A) और (B) दोनों
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Which one of the following is the Bank for the public ?

(A) Commercial Bank
(B) Central Bank
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

60. भारतीय रिजर्व बैंक अल्पकाल में व्यापारिक बैंकों को जिस ब्याज पर उधार देता है वह कहलाती है

(A) बैंक दर (B) रेपो दर (C) रिवर्स रेपो दर (D) ब्याज दर

Reserve Bank of India facilitates short term loan to Commercial Banks at interest is called

(A) Bank rate (B) Repo rate (C) Reverse repo rate (D) Interest rate

61. त्वरक माप करता है

(A) निवेश के उपभोग पर प्रभाव की
(B) राष्ट्रीय आय की संवृद्धि दर की
(C) उपभोग के निवेश पर प्रभाव की
(D) अल्पावधि उत्पादन के उपभोग पर प्रभाव की

Accelerator measures

(A) Effect on consumption to investment
(B) Growth rate of national income
(C) Effect on investment to consumption
(D) Effect on consumption to short term production

62. निम्नलिखित में से कौन-सा एक केन्द्रीय बैंक का कार्य नहीं है ?

(A) नोट निर्गमन पर एकाधिकार
(B) काले धन पर नियंत्रण
(C) सरकारी ऋण का प्रबन्धन
(D) विदेशी विनिमय भण्डार का प्रबन्धन

Which of the following is not a function of Central Bank ?

(A) Monopoly of note issue
(B) Control on black money
(C) Managing government debt
(D) Managing foreign exchange reserve

63. मुद्रास्फीति जनित मन्दी एक संयोग है

(A) उच्च अपस्फीति और न्यून बेरोजगारी का
(B) उच्च मुद्रास्फीति और निम्न बेरोजगारी का
(C) उच्च मुद्रास्फीति और उच्च बेरोजगारी का
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Stagflation is the combination of

(A) High deflation and low unemployment
(B) High inflation and low unemployment
(C) High inflation and high unemployment
(D) None of the above

64. मुद्रा का कौन-सा मूल्य आरक्षित मुद्रा का मूल्य कहा जाता है ?

Which value of money is known as value of a reserved money ?

(A) $M_0$ (B) $M_1$ (C) $M_2$ (D) $M_3$

65. इनमें से कौन एक विश्व बैंक संगठन का भाग नहीं है ?

(A) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(B) आई.बी.आर.डी.
(C) आई.डी.ए.
(D) आई.एफ.सी.

Which one is not a part of World Bank Organisation ?

(A) IMF
(B) IBRD
(C) IDA
(D) IFC

66. यदि वस्तु की माँग पूर्णतया लोचदार हो, तो निम्नलिखित में से कौन करापात वहन करेगा ?

(A) केवल विक्रेता
(B) केवल क्रेता
(C) क्रेता तथा विक्रेता दोनों एक समान
(D) विक्रेता, क्रेता की अपेक्षा अधिक भार वहन करेगा

Who among the following will bear the incidence of taxation if the demand of a commodity is perfectly elastic ?

(A) The seller only
(B) The buyer only
(C) The seller and the buyer both equally
(D) The seller will bear more than the buyer

67. यदि सरकार कर उपायों द्वारा समग्र माँग को बढ़ाना चाहती है, तो यह कर सकती है

(A) बच्चों हेतु प्राप्त होने वाले भत्तों में कमी
(B) विदेश भ्रमण पर करारोपण
(C) अप्रत्यक्ष करों में वृद्धि
(D) आय कर को कम करना

If the government wishes to increase aggregate demand by tax measures, it could

(A) Cut children allowances
(B) Tax travel abroad
(C) Increase indirect taxes
(D) Reduce income tax

68. अधिकतम सामाजिक लाभ का सिद्धान्त किसने प्रस्तापित किया ?

(A) ह्यू डाल्टन (डा. डाल्टन)
(B) एडम स्मिथ
(C) फ्रेंको मोदिग्लियानी
(D) सर आर्थर लुईस

Who has introduced the principle of maximum social advantage ?

(A) Hugh Dalton (Dr. Dalton)
(B) Adam Smith
(C) Franco Modigliani
(D) Sir Arthur Lewis

69. राजस्व व्यय और राजस्व प्राप्तियों के बीच का अन्तर है

(A) राजस्व घाटा
(B) राजकोषीय घाटा
(C) बजट घाटा
(D) प्राथमिक घाटा

The difference between Revenue expenditure and Revenue receipts is

(A) Revenue deficit
(B) Fiscal deficit
(C) Budget deficit
(D) Primary deficit

70. यदि कीमतें बढ़ती हैं, तो सार्वजनिक ऋण का प्रत्यक्ष वास्तविक भार

(A) गिरेगा (B) बढ़ेगा (C) अपरिवर्तित रहेगा (D) अनिश्चित होगा

If prices increases, direct real burden of public debt will

(A) Fall (B) Rise (C) Unchange (D) Uncertain

71. हीनार्थ प्रबन्धन का अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(A) मजदूरी में बढ़ोत्तरी
(B) करों में कमी
(C) मुद्रा आपूर्ति में कमी
(D) मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि

What is the effect of deficit financing on economy ?

(A) Increase in wages
(B) Reduction in taxes
(C) Decrease in money supply
(D) Increase in money supply

72. यदि माँग की आय लोच अधिक हो, तो

(A) कर के दरों को बढ़ा देना चाहिए
(B) कर के दरों को घटा देना चाहिए
(C) कर नहीं लगाने चाहिए
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

If income elasticity of demand is more, then

(A) Increase the tax rates
(B) Decrease the tax rates
(C) No taxation
(D) None of the above

73. हाल के वर्षों में किस क्षेत्र/क्षेत्रक में भारत की राष्ट्रीय आय के योगदान में अधिकाधिक वृद्धि हुई है ?

(A) विदेशी व्यापार
(B) माल उत्पादन क्षेत्र
(C) सेवा क्षेत्र
(D) कृषि क्षेत्र

In the recent years in which area/sector contribution of National Income in India increased largely ?

(A) Foreign Trade
(B) Manufacturing Sector
(C) Service Sector
(D) Agriculture Sector

74. प्रशुल्क नीति सम्बन्धित है

(A) निर्यात कर से
(B) आयात कर से
(C) सीमा शुल्क से
(D) उपर्युक्त सभी से

Tariff policy is related to

(A) Export Tax
(B) Import Tax
(C) Custom Duty
(D) All of the above

75. अन्तर्राष्ट्रीय भुगतानों में पूर्वानुमान पेशबन्दी का उद्देश्य होता है

(A) विदेशी विनिमय में जोखिम स्वीकार करना

(B) विदेशी विनिमय में जोखिम को सुरक्षित करना

(C) विदेशी विनिमय में सट्टेबाज़ी करना

(D) विदेशी विनिमय में अन्तरण क्रियाएँ

The objective of Forestalling in International payment is

(A) To accept Foreign Exchange risks

(B) To protect Foreign Exchange risks

(C) Speculative in Foreign Exchange

(D) Transfer activities of Foreign Exchange

76. परिवर्तनीय विनिमय दरों की व्यवस्था के अन्तर्गत, भुगतान संतुलन में समायोजन किया जाता है

(A) आय में परिवर्तन के द्वारा

(B) विनिमय दरों के परिवर्तन के द्वारा

(C) मूल्य स्तर में परिवर्तन के द्वारा

(D) मूल्य एवं आय में परिवर्तन के द्वारा

Under the flexible exchange rate system, adjustment of Balance of Payment is done

(A) By changes in income

(B) By changes in exchange rates

(C) By changes in price level

(D) By changes in price and income

77. कौन-सा संरक्षण का तरीका नहीं है ?

(A) उत्पाद शुल्क

(B) प्रशुल्क

(C) अभ्यंश

(D) विनिमय नियंत्रण

Which is not way of protectionism ?

(A) Excise Duty

(B) Tariff

(C) Quotas

(D) Exchange control

78. विश्व व्यापार संगठन के दोहा चक्र में केन्द्रीय मुद्दा रहा

(A) विकासशील देशों से निर्यात

(B) कृषि से सम्बन्धित मुद्दे

(C) सेवाओं में व्यापार

(D) व्यापार से सम्बन्धित बौद्धिक सम्पदा अधिकार

In WTO Doha round the main issue was

(A) Exports from Developing Nations

(B) Issues related to agriculture

(C) Trade in services

(D) Trade related Intellectual Property Right

79. मानव विकास रिपोर्ट का प्रकाशनकर्त्ता है

(A) विश्व बैंक
(B) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(C) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
(D) संयुक्त राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष

Human Development Report is published by

(A) World Bank
(B) IMF
(C) UNDP
(D) UNICEF

80. भारत में मुद्रास्फीति की गणना में किस विधि का प्रयोग किया जाता है ?

(A) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
(B) थोक मूल्य सूचकांक
(C) फिशर का आदर्श सूचकांक
(D) श्रम की जीवन यापन लागत का सूचकांक

Which method is used for calculating Inflation in India ?

(A) Consumer Price Index
(B) Wholesale Price Index
(C) Fisher's Ideal Index
(D) Cost of Living Index of Wages

81. बैंगनी क्रांति का सम्बन्ध किसकी पैदावार से है ?

(A) लैवेंडर
(B) गुलाब
(C) बादाम
(D) अखरोट

The purple revolution is associated with the cultivation of

(A) Lavender
(B) Rose
(C) Almond
(D) Walnut

82. बाजार मूल्य पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद है

(A) बाजार मूल्य पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद – अन्तरण भुगतान
(B) बाजार मूल्य पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद – विदेशों से प्राप्त शुद्ध आय
(C) बाजार मूल्य पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद – सहाय्यताएँ
(D) बाजार मूल्य पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद – ह्रास

The Net National Product at market price is

(A) Gross National Product at market price – Transfer payments
(B) Gross National Product at market price – Net income from abroad
(C) Gross National Product at market price – Subsidies
(D) Gross National Product at market price – Depreciation

83. निम्नलिखित शर्तों में से किसमें, सामान्यत: किसी देश द्वारा अवमूल्यन की नीति को अपनाया जाता है ?

(A) बी.ओ.पी. में घाटा
(B) बी.ओ.पी. में आधिक्य
(C) ऊँची बेरोज़गारी दर
(D) देश में स्फीतिक दशाएँ

In which of the following conditions, the policy of devaluation is generally applied by a country ?

(A) Deficit in BOP
(B) Surplus in BOP
(C) Higher unemployment rate
(D) Inflationary conditions in the country

84. भारतीय संघीय आय-व्यय में निम्न में से कौन-सी मद पूँजी प्राप्ति के रूप में वर्गीकृत है ?

(A) आय कर से संग्रहीत प्राप्ति
(B) सरकार द्वारा आम नागरिक से प्राप्त उधार
(C) सार्वजनिक उपक्रमों से प्राप्त लाभ एवं लाभांश
(D) सरकार द्वारा ऋणदाताओं से अर्जित ब्याज

Which of the following items is classified as a capital receipt in the Budget for Govt. of India ?

(A) Receipt from Income Tax (collection)
(B) The borrowing made by the government from the public
(C) The dividends and profits received from public sector units
(D) The interest receipts for loans given by Govt. to its debtors

85. भारत में कृषि में बेरोज़गारी का स्वरूप है

1. घर्षणात्मक
2. मौसमी
3. चक्रीय
4. प्रच्छन्न

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए ।

**कूट :**

(A) 1, 2 और 3
(B) 1, 2, 3 और 4
(C) 1 और 3
(D) 2 और 4

Nature of unemployment in agriculture in India is

1. Frictional
2. Seasonal
3. Cyclical
4. Disguised

Select the correct answer using code given below.

**Code :**

(A) 1, 2 and 3
(B) 1, 2, 3 and 4
(C) 1 and 3
(D) 2 and 4

86. किसको पीला कार्ड निर्गत किया जाता है ?

(A) गरीबी रेखा के नीचे के लोगों को
(B) भूमिदार/जमींदार को
(C) सरकारी कर्मचारी को
(D) दुकानदार को

To whom the yellow card is issued ?

(A) People below the poverty line
(B) To landlords
(C) To government employee
(D) To shopkeeper

87. एच.डी.आई. रिपोर्ट, 2020 के अनुसार, वर्ष 2019 में भारत का मानव विकास सूचकांक था

As per HDI Report 2020, value of Human Development Index for India in 2019 was

(A) 0.7646
(B) 0.6451
(C) 0.6778
(D) 0.5556

88. यदि रुपए की कीमत तेजी से क्षीण हो रही है, और सरकार द्वारा अवांछनीय समझी जा रही है, तो रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया परामर्श दे सकता है

(A) डालर्स को विदेशी विनिमय बाज़ार में विक्रय का
(B) डालर्स के क्रय का
(C) मुद्रा को अतिरिक्त छापने का
(D) आयात पर प्रशुल्क को बढ़ाने का

If Rupee is getting depreciated fast and considered undesirable by the Govt., then RBI may be advised to

(A) Sell dollars in Foreign exchange market
(B) Purchase dollars
(C) Print more currency notes
(D) Raise tariffs on imports

89. भुगतान सन्तुलन में चालू खाते से सम्बन्धित है

(A) वस्तु एवं सेवाओं का आयात
(B) वस्तु एवं सेवाओं का निर्यात
(C) वस्तु एवं सेवाओं का आयात एवं निर्यात दोनों
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

In the Balance of Payment Current Account deals with

(A) Import of goods and services
(B) Export of goods and services
(C) Both export and import of goods and services
(D) None of the above

90. विदेशी व्यापार का भुगतान सम्बन्धित है

(A) आयात की स्थिति
(B) निर्यात की स्थिति
(C) विदेशी व्यापार का गुणक
(D) भुगतान सन्तुलन

The payment of foreign trade is related with

(A) The merits of Import
(B) The merits of Export
(C) The multiplier of Foreign Trade
(D) Balance of Payment

91. भारत के अवसंरचना क्षेत्रकों में से कौन भारतमाला परियोजना से सम्बन्धित है ?

(A) बन्दरगाह क्षेत्रक
(B) सडक अवसंरचना
(C) रेलवे
(D) दूरसंचार क्षेत्रक

Which of the following infrastructure sectors of India is related with Bharatmala Project ?

(A) Port Sectors
(B) Road Infrastructure
(C) Railways
(D) Telecom Sector

92. स्वाभिमान योजना सम्बन्धित है

(A) ग्रामीण महिला अधिकारों से
(B) ग्रामीण वृद्ध जनों की देखरेख से
(C) ग्रामीण बैंकिंग से
(D) ग्रामीण खाद्य सुरक्षा से

Swabhiman Scheme is associated with

(A) Rural Women Rights
(B) Rural Old People Care
(C) Rural Banking
(D) Rural Food Security

93. नोकिया ने किस संस्था के साथ मिलकर नेटवर्क रोबोटिक्स के उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना शुरू की है ?

(A) आई.आई.टी.मद्रास
(B) आई.आई.एस.सी.बंगलूरु
(C) आई.आई.टी.बम्बई
(D) आई.आई.टी.दिल्ली

Nokia has partnered with which institution to set up its centre of excellence in Networked Robotics ?

(A) IIT Madras
(B) IISC Bengaluru
(C) IIT Bombay
(D) IIT Delhi

94. द्विपद बंटन का विकास किसके द्वारा किया गया ?

(A) मार्शल
(B) फिशर
(C) जेकोब
(D) जेम्स बर्नौली

Binomial distribution was developed by

(A) Marshall
(B) Fisher
(C) Jacob
(D) James Bernoulli

95. निर्णय निदर्शन को निम्न प्रकार से जाना जाता है

(A) सोद्देश्य निदर्शन विधि
(B) सुविधा निदर्शन विधि
(C) व्यापक निदर्शन विधि
(D) समूह या संभाव्यता निदर्शन विधि

Judgmental sampling is also known as

(A) Purposive sampling
(B) Convenience sampling
(C) Extensive sampling
(D) Cluster sampling

96. एक खुले–सिरे वर्गों वाले आवृत्ति वितरण के लिए निम्नलिखित में से किस मापक की गणना की जा सकती है ?

(A) माध्य
(B) माध्यिका
(C) बहुलक
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

From a frequency distribution with open-end classes, which one of the following measure can be calculated ?

(A) Mean
(B) Median
(C) Mode
(D) None of the above

97. समय उत्क्रम्यता परीक्षण संतुष्ट करता है

Time reversal test is satisfied when

(A) $P_{01} \times P_{10} = 1$
(B) $P_{01} \times P_{10} = 0$
(C) $P_{01} \times P_{10} > 1$
(D) $P_{01} \times P_{10} < 1$

98. बहुलक की गणना का वैकल्पिक सूत्र है

(A) बहुलक = 2 माध्यिका – 3 माध्य
(B) बहुलक = 2 माध्यिका + 3 माध्य
(C) बहुलक = 3 माध्यिका – 2 माध्य
(D) बहुलक = 3 माध्य – 2 माध्यिका

The alternative formula for calculating Mode is

(A) Mode = 2 Median – 3 Mean
(B) Mode = 2 Median + 3 Mean
(C) Mode = 3 Median – 2 Mean
(D) Mode = 3 Mean – 2 Median

99. दो श्रेणियों A तथा B के मानक विचलन एक समान हैं, परन्तु A श्रेणी का समान्तर माध्य B से अधिक है । अत: श्रेणी A का विचरण गुणांक श्रेणी B

(A) से अधिक होगा
(B) के समान होगा
(C) से कम होगा
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The standard deviation of two series A and B is same, but the arithmetic mean of A series is greater than B. Thus the co-efficient of variation of A series to B series will be

(A) Greater
(B) Equal
(C) Less
(D) None of the above

100. अपकिरण के निम्नलिखित मापों में से, किसकी इकाई नहीं होती है ?

(A) माध्य विचलन की
(B) प्रमाप विचलन की
(C) विस्तार की
(D) विचरण–गुणांक की

Which of the following measures of dispersion does not have a unit ?

(A) Mean deviation
(B) Standard deviation
(C) Range
(D) Coefficient of variation

रफ कार्य के लिए जगह

**Space for Rough Work**

DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.

# Question Booklet

**Subject Code : 43**

**Subject : Economics**

**Roll No. (In Figures) :** | | | | | | | | |

**Roll No. (In Words) :** ____________________

| Signature of Candidate | | Signature of Invigilator | |
|---|---|---|---|

**Time : 2 Hours** **Maximum Marks : 200**

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. There are two Parts in this Question Booklet. The first part of which contains a total of **30** questions related to General Knowledge.
2. There are a total of **70** questions related to the optional subject in the second part of this Question Booklet.
3. There are **100** question items given in this Question Booklet. Each question item is printed in both Hindi and English. Four options are given for each question. Choose one of these options which you want to mark on the Answer Sheet. If you feel that more than one option is correct, then mark the option which you think is best. Only one option has to be chosen for each question item.
4. **Immediately after the commencement of the examination, you must check the Question Booklet to ensure that there are no unprinted, torn or missing pages or question parts etc. in it.**
5. Candidates should open the seal of the Question Booklet only after being instructed by the Room Invigilator.
6. Before answering on the Answer Sheet (OMR Sheet), the candidate should carefully read all the instructions in the Question Booklet and Answer Sheet.
7. The candidate must write his/her roll number, subject, correct question paper code, number of answered questions and number of unanswered questions neatly on the Answer Sheet (OMR Sheet), otherwise the Answer Sheet will not be evaluated and the entire responsibility will be of the candidate himself/herself.
8. The candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the OMR sheet using black ball point pen only. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer and it will not be evaluated.
9. Once answer is marked in the Answer Sheet (OMR Sheet), no change is permitted.
10. Candidate should not fold the Answer Sheet (OMR Sheet).
11. You are to mark your answers on Answer Sheet (OMR Sheet) only. When the examination is over, handover the Answer Sheet (OMR Sheet) to the Room Invigilator.
12. In case of any discrepancy between the Hindi and English versions, English version will be taken as final.
13. If any candidate uses or attempts to use unfair means or creates any disturbance in the examination hall, he/she will be disqualified from the examination.
14. No candidate will leave the examination hall until **120** minutes (two hours) are completed.
15. Rough work, if any, should be done on the blank sheets prescribed for this purpose only. No extra sheets will be provided.
16. Use only black ball point pen for writing your roll number etc. and for filling in the answers on the Answer Sheet (OMR Sheet).

**DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपांतर इस प्रश्न–पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर छपा है ।